कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर

पत्रांक / बे0 शि0 / 5951-22 /2022-23, दिनांक 22-06-2022

प्रेषक,
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर ।

सेवा में,
मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक)
मेरठ।

विषय :– ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, झांझर रोड जेवर, गौतमबुद्धनगर का नाम मान्यता पत्र में त्रुटिवश गलत होने के उपरान्त सही कराने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपयुक्त विषयक, प्रबन्धक, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल जेवर विकास खण्ड जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रार्थना पत्र दिनांक 18.04.2022 द्वारा उक्त विद्यालय का नाम त्रुटिवश ग्लोरियस पब्लिक जूनियर हाई स्कूल अंकित हुआ है जबकि सही नाम ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, झांझर रोड जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर है । इस कार्यालय के पत्रांक / मान्यता/192/2015-16 दिनांक 21.04.2015 से नर्सरी से कक्षा 8 तक के लिए अंग्रेजी माध्यम की मान्यता शैक्षणिक सत्र 2015-16 से तीन वर्ष की अवधि के लिए अंतिम रूप से प्रदान की गयी थी । प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 419/79-6-2013-18 20)दिनांक 08.05.2013 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के प्रस्तर 15 में निम्नलिखित व्यवस्था के आधार पर स्थायी मान्यता दी गयी है।

आपके पत्रांक बे0 शि0 (के)/116-17/2022-23/ दिनांक 23.04.2022 में आदेश कें अनुसार विद्यालय के द्वारा मान्यता के लिए प्रेषित प्रपत्रों की जाँच की गयी जिसमे विद्यालय का नाम ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, झांझर रोड जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर पाया गया है।

22/6/22
(ऐश्वर्य लक्ष्मी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर

पृ0 स0 एवं दिनांक उक्तवत ।
प्रतिलिपि–प्रबन्धक, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, झाझर रोड, जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर को सूचनार्थ प्रेषित ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर